भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4496**

जिसका उत्तर 19.03.2026 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएँ**

4496. श्री शाहू शहाजी छत्रपती:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोल्हापुर जिले से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) क्या भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के कारण कार्यों में देरी हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनके पूरा होने की संभावित तिथियां क्या हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्तमान वर्ष सहित विगत तीन वर्षों के दौरान कोल्हापुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास के लिए कुल 10 परियोजनाओं को 10,665 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर मंजूरी दी गई है। इनमें से एक परियोजना पूरी हो चुकी है, चार परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं, एक परियोजना का कार्य सौंपा जा चुका है और शेष 4 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी गई है लेकिन इसका कार्य सौंपा नहीं गया है।

(ख) कुछ एनएच परियोजनाओं को पूरा करने में देरी हुई है, जिसका कारण मौजूदा मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) विवाद, भूमि अधिग्रहण में देरी, वन और वन्यजीव मंजूरी, जनोपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण में देरी और अन्य निर्माण-पूर्व कार्यकलाप तथा कुछ संविदाकारों की नकदी प्रवाह (कैश फ्लो) की समस्याएं हैं। सभी लंबित मुद्दों का काफी हद तक समाधान कर लिया गया है और इन विलंबित परियोजनाओं को चरणबद्ध तरीके से संशोधित समय-सीमा के अनुसार पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

*****